CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 47 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 02 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पेड़ में करंट दौड़ा, युवक की मौत... लापरवाही पर ग्रामीण फूंट पड़े

### हाईटेंशन लाइन के तार बबूल की टहनियों पर बंधे थे, कई बार दी गई शिकायतें लेकिन नजरअंदाज










**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राणा जी का गुढ़ा में शुक्रवार दोपहर गांव के चौराहे पर एक दर्दनाक हादसे में 37 वर्षीय युवक युवराज भाट पिता नारायण भाट की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह बबूल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर बैठा था और अचानक उसका हाथ पेड़ से छू गया। पेड़ में हाईटेंशन लाइन से प्रवाहित करंट पहले से दौड़ रहा था, जिससे युवक तड़पता रह गया।

ग्रामीणों ने लकड़ी के डंडों से उसे पेड़ से अलग किया और कस्बे के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया और उन्होंने विद्युत विभाग की घोर लापरवाही को लेकर शव लेने से इनकार कर दिया। घटना को लेकर मृतक के भाई रामरतन में पुलिस को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, सर्कल लाइन मेन के विरुद्ध रिपार्ट दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

**पेड़ पर बंधे थे बिजली के खतरनाक तार**

पूर्व सरपंच गोपाल बैरागी ने बताया कि जिस बबूल के पेड़ को युवक ने छुआ, उस पर 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की टहनी से तार बांध दिए गए थे। बारिश के चलते टहनियों में नमी आने से करंट पेड़ में फैल गया। यह स्थिति पहले से ग्रामीणों के लिए खतरा बनी हुई थी, लेकिन विभाग ने बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। गौरतलब है कि इसी पेड़ में करंट लगने से गुरुवार सुबह एक बंदर की भी मौत हुई थी।

**शिकायतें होती रहीं, पर कार्रवाई कभी नहीं हुई**

ग्रामीणों ने बताया कि 7 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में भी विद्युत विभाग को लिखित शिकायत सौंपी गई थी। इसके बावजूद विभाग ने न पेड़ की कटिंग करवाई, न ही हाईटेंशन लाइन हटाई। यह लापरवाही अब एक जान पर भारी पड़ गई।

**आक्रोशित ग्रामीणों का धरना, शव उठाने से इनकार**

हादसे के बाद ग्रामीणों ने अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरना शुरू कर दिया और साफ कह दिया कि जब तक मृतक परिवार को ?50 लाख मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी नहीं मिलती, तब तक शव नहीं उठाया जाएगा। साथ ही दोषी विद्युतकर्मियों को तत्काल निलंबित कर गिरफ्तारी की मांग की गई।

**देर रात तक नहीं बनी सहमति**

घटना की सूचना पर थानाधिकारी लोकपाल सिंह , तहसीलदार ललित डीडवानिया, पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा, पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र सिंह राजौरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा , पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा सहित कई जन प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। वहीं, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता हेमेन्द्र नावर भी पहुंचे। देर रात माँगो पर सहमति नहीं बनने से ग्रामीणों का प्रदर्शन अस्पताल मोर्चरी के बाहर जारी रहा ।

## अरुण चतुर्वेदी राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

### रिटायर्ड IAS नरेश ठकराल होंगे सदस्य



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

प्रदेश में भजनलाल सरकार ने निकाय चुनाव से पहले एक अहम राजनीतिक नियुक्ति की है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सरकार की ओर से शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किए गए।

इसके साथ ही सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नरेश ठकराल को आयोग का सदस्य बनाया है।

गौरतलब है की राज्य वित्त आयोग का कार्य स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति का आकलन कर सरकार को कर व्यवस्था, संसाधन वितरण और वित्तीय योजनाओं पर सुझाव देना होता है। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार निकायों को आर्थिक संसाधन आवंटित करती है।

चतुर्वेदी की नियुक्ति को भाजपा की ओर से आगामी निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दृष्टि से अहम कदम माना जा रहा है। वे संगठन और प्रशासन दोनों क्षेत्रों में अनुभव रखते हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आए बाइक सवार, एक की मौत, एक गंभीर घायल




**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा**

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर मेनाल पार्किंग के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश के सडोल जिले के गुरजहा थाना क्षेत्र के गांव जयसिंहनगर निवासी रनमत सिंह 23 पुत्र तुलसी सिंह अपने साथी अनिल सिंह के साथ बाड़मेर से मजदूरी कर रक्षाबंधन पर गांव लौट रहा था। रास्ते में मेनाल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में रनमत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मृतक का शव बेगूं चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## अवैध शराब परिवहन के वांछित ईनामी आरोपी को भीलवाड़ा पुलिस ने दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

फरार अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। डीएसटी एवं थाना पुर की संयुक्त कार्रवाई में ट्रक में अवैध रूप से शराब भरकर परिवहन के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित ट्रक मालिक एवं ईनामी आरोपी को हिरासत में लिया गया है । पुलिस ने बताया की 26 दिसंबर 2016 को अजमेर रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को रोका गया था । जिसमें होजरी और परचूनी सामान के नीचे 402 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर भरे पाए गए थे । इस दौरान ट्रक चालक लक्ष्मीनारायण को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

अनुसंधान के दौरान ट्रक मालिक के रूप में अजय कुमार पुत्र स्व. जयप्रकाश जाट, निवासी चरखी दादरी, हरियाणा का नाम सामने आया। जो घटना के बाद से फरार चल रहा था।




डीएसटी भीलवाड़ा व थाना पुर की टीम ने तकनीकी अनुसंधान, कॉल डिटेल विश्लेषण एवं परंपरागत पुलिसिंग के जरिए आरोपी को ट्रेस कर हरियाणा से गिरफ्तार किया है । आरोपी पर 7,500 रुपये का इनाम घोषित था। कार्रवाई थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में की गई है । पुलिस मामले की जाँच कर रही है

## बिजौलिया पुलिस की कार्रवाई : अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3 ग्राम 60 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की गई है।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया की 31 जुलाई को गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर पुलिस वाहन को देखकर भागता नजर आया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे रोका और पूछताछ की। उसने अपना नाम कालू बंजारा निवासी तिलस्वां बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.60 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ को जब्त कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## सहाड़ा में खेत से अवैध गांजा की खेती पकड़ी, 32 पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार

### गंगापुर थाना पुलिस की कार्रवाई, आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 12 मामले

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा की खेती कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से गांजा के 32 हरे पौधे, जिनका वजन करीब 29 किलोग्राम है, जब्त किए हैं। गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया की 31 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सहाड़ा निवासी याकुब मोहम्मद अपने खेत में अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत की तलाशी ली।

खेत में बाजरा और रजका की फसल के बीच छिपाकर गांजा के 32 हरे पौधे लगाए गए थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी पौधों को जब्त किया और आरोपी याकुब खां पुत्र मोहम्मद हुसैन पठान उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

मालवीय में बताया है की आरोपी




याकुब खां बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके खिलाफ 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, जुआ व सट्टा जैसे अपराध शामिल हैं।

CMYK

# 7 साल बाद स्कूल पहुंचा शिक्षक, पहली बार विद्यार्थी और स्टाफ से हुआ रूबरू

## 'भीलवाड़ा फोकस' की खबर के बाद हरकत में आया शिक्षा विभाग, कार्यमुक्त कर भेजा गया मूल विद्यालय–लेकिन क्या इतनी कार्रवाई काफ़ी है?

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले के बिजौलिया ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नयानगर में पदस्थापित शिक्षक कैलाश सुथार आखिरकार 7 साल बाद अपनी मूल स्कूल पहुंचे। स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी पहली बार उनसे आमने-सामने मिले। यह घटना तब सामने आई जब 'भीलवाड़ा फोकस' ने शिक्षक की लगातार अनुपस्थिति और वेतन जारी रहने को लेकर एक विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की।



### 7 साल से स्कूल नहीं पहुंचा शिक्षक, फिर भी वेतन जारी

**नयानगर स्कूल का मामला, छात्रों ने आज तक नहीं देखा सामाजिक विज्ञान शिक्षक का चेहरा**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

डॉ. चेतन ठठेरा

शिक्षा विभाग की लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयानगर से सामने आया है, जहां पिछले सात वर्षों से सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक कैलाश सुथार स्कूल में नहीं आए, लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से स्कूल से बन रहा है।

जानकारी के अनुसार शिक्षक कैलाश सुथार वर्ष 2018 में इस विद्यालय में पदस्थापित हुए थे, लेकिन उसी समय उन्होंने मिड डे मील योजना के तहत सीबीईओ कार्यालय बिजौलिया में प्रतिनियुक्ति करा ली। तब से लेकर अब तक वह लगातार कार्यालय में ही डटे हुए हैं, और विद्यार्थियों ने आज तक उन्हें स्कूल में देखा तक नहीं है।

**नियमों की उड़ रही धज्जियां**

शिक्षा निदेशालय के नियमानुसार किसी भी शिक्षक को लंबे समय तक गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए प्रतिनियुक्ति पर नहीं रखा जा सकता। प्रतिनियुक्ति तभी दी जा सकती है जब उसका असर शैक्षणिक गतिविधियों पर न हो। वहीं मिड डे मील योजना के क्रियान्वयन के लिए विद्यालयों में ठेके के माध्यम से भोजन पहुंचाया जाता है और रिपोर्टिंग जैसे कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा पूर्ण किए जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि सात सालों से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति आखिर किस जरूरत के तहत जारी है?

**18 शिक्षकों में एक गैरहाजिर**

विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिमोहन चित्तौड़ा ने बताया कि, जब से मैंने कार्यभार संभाला है, कैलाश सुथार सीबीईओ कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके आदेश जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कार्यालय भीलवाड़ा से 2018 और 2022 में जारी हुए है। उनके वेतन की फाइलें यहीं से बनती हैं लेकिन उनकी उपस्थिति का कोई लिखित प्रमाण हमारे पास नहीं आता। उनके विषय का शिक्षण कार्य अन्य शिक्षक से करवाया जा रहा है। विद्यालय में कुल 257 छात्र नामांकित हैं तथा 18 शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें चार पंचायत सहायक भी शामिल हैं÷।

**जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा जाँच करवाता हूँ**

जब यह मामला जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक (मुख्यालय) रामेश्वर लाल बाल्दी के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने कहा, ÷मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। अब आपसे जानकारी मिलने के बाद मैं इसकी जांच करवाता हूं।

### 7 साल अनुपस्थित, फिर भी वेतन जारी

कैलाश सुथार रु2 श्रेणी के सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक हैं। वर्ष 2018 से वे सीबीईओ कार्यालय बिजौलिया में मिड-डे मील योजना के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे, जबकि उनकी मूल पदस्थापना नयानगर विद्यालय में थी। इतने वर्षों में उन्होंने न तो स्कूल का रुख किया और न ही किसी कक्षा में पढ़ाया, बावजूद इसके उनका वेतन नियमित रूप से जारी रहा।

### खबर छपी, तब हरकत में आया विभाग

'भीलवाड़ा फोकस' ने हाल ही में ÷7 साल से स्कूल नहीं पहुंचे शिक्षक, फिर भी वेतन जारी÷ शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिक्षक को सीबीईओ कार्यालय से कार्यमुक्त कर नयानगर विद्यालय में भेजने के आदेश जारी किए। अब उन्होंने वहां कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### सवाल बना हुआ है– क्या यह कार्रवाई पर्याप्त है?

हालांकि विभागीय कार्रवाई से प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग ने मामला सुलझा दिया, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या सिर्फ कार्यमुक्त करना ही पर्याप्त है?

- क्या सात साल तक अनुपस्थित रहने के लिए कोई जवाबदेही तय की गई?
- क्या विभाग के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हुई, जिन्होंने वेतन जारी किया?
- क्या इस पूरे मामले की विभागीय जांच बैठाई गई है या सिर्फ खबर का दबाव कम करने के लिए कार्रवाई की गई?

### कहीं नाकामी छिपाने की कोशिश तो नहीं?

शिक्षा विभाग की यह त्वरित कार्रवाई एक तरह से अपनी व्यवस्थागत विफलता पर पर्दा डालने जैसा भी नजर आ रही है। यदि मीडिया रिपोर्ट न आती, तो क्या यह मामला सामने आता? यह गंभीर सवाल है। क्योंकि 7 साल तक कोई शिक्षक बिना स्कूल जाए वेतन लेता रहा और किसी अधिकारी ने इसका संज्ञान तक नहीं लिया–यह प्रशासनिक तंत्र की बड़ी लापरवाही और शिथिल निगरानी व्यवस्था को दर्शाता है।

# कोटड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : चार स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।




**दिनेश पारीक।** थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि अभियान के तहत गठित विशेष टीम ने अजमेर जिले के सरवाड़ थाना क्षेत्र से चार वांछित आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में लक्ष्मण नाथ पुत्र मदन नाथ, भैरूलाल पुत्र जगनाथ कालबेलिया, बन्नानाथ पुत्र जगनाथ कालबेलिया तीनों निवासी मिया, थाना सरवाड़ जिला अजमेर एवं रमेशनाथ पुत्र उंकारनाथ कालबेलिया निवासी बड़गांव, थाना सरवाड़ जिला अजमेर शामिल हैं। पुलिस आरोपियों को आवश्यक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश करेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि ऐसे फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# शैक्षणिक भवनों की हालत पर समीक्षा, असुरक्षित कक्षों पर लगी रोक



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में संचालित राजकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर जिला प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाते हुए जर्जर भवनों के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में निरीक्षण दलों की रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जर्जर भवनों में कक्षाएं बंद की जाएं। वैकल्पिक कक्षों की व्यवस्था और आवश्यकता अनुसार शिफ्टवाइज पढ़ाई संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि मरम्मत योग्य भवनों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर जिला परिषद को भेजे जाएं, ताकि आवश्यक सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से शुरू हो सकें। शहरी क्षेत्रों की जर्जर इमारतों के चिन्हीकरण एवं कार्यवाही को लेकर नगर विकास न्यास, निगम व पीडब्ल्यूडी को निर्देश जारी किए गए हैं।

बैठक में संपर्क पोर्टल की शिकायतों की भी समीक्षा हुई और कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश मेहरा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान भाटी, सीडीईओ अरुणा गारू, सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सावर उपखंड अधिकारी ने सरकारी भवनों का किया निरीक्षण, जर्जर भवनों की मरम्मत के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश मोटीस)




उपखंड अधिकारी डॉ. आस्था शर्मा ने शुक्रवार को सावर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं अन्य शासकीय भवनों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत कुशायता से की गई, जहां सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटवार भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, सेवा केंद्र और सामुदायिक भवन की स्थिति का जायज़ा लिया गया। इसके बाद बिसुदनी, आमली, पिपलाज और गोरधा ग्राम पंचायतों में भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कई भवनों की स्थिति जर्जर पाई गई। डॉ. शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवाओं से जुड़े भवनों की स्थिति में सुधार नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

इस दौरान विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, ग्राम विकास अधिकारी राहुल बैरवा, कनिष्ठ सहायक पुखराज जाट, वार्ड पंच छोटू कुमावत सहित कई कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जर्जर स्कूल भवन पर चला बुलडोजर, बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त




भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

दिनेश टाक

झालावाड़ जिले में हाल ही में हुए एक स्कूल भवन गिरने की घटना के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन सतर्क हो गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर राजकीय और गैर-राजकीय स्कूलों की इमारतों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को जहाजपुर के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भंवर कला गेट के जर्जर कक्षों को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षण में विद्यालय के कुछ कक्ष अत्यंत खस्ताहाल पाए गए थे। दीवारें और छतें बारिश के कारण पूरी तरह से नम थीं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। सावधानीपूर्वक की गई इस कार्रवाई से संभावित दुर्घटना टल गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और ऐसे खतरनाक भवनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



**QUICK BITES**

## अंगदान दिवस पर दिलाई शपथ, ब्रेस्टफीडिंग वीक का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों व चिकित्सा कर्मियों को अंगदान की शपथ दिलाई। साथ ही प्रेरणादायक दाताओं को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।
कलेक्टर ने अंगदान को महादान बताते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1940 से अधिक लोग अंगदान की ऑनलाइन शपथ ले चुके हैं।
इसी अवसर पर राष्ट्रीय ब्रेस्टफीडिंग वीक की शुरुआत भी की गई। लिक बैंक के उत्कृष्ट दाताओं का सम्मान किया गया। कलेक्टर ने मां के दूध को नवजात के लिए जीवन रक्षक बताया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. चेतेंद्र पुरी, डॉ. पूजा गंगराड़े, डॉ. डी.एल. कास्ट व अन्य मौजूद रहे।

## शाहपुरा में लक्षकार समाज द्वारा तीन दिवसीय रक्त जांच शिविर प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



लक्षकार समाज शाहपुरा की ओर से रामकोठी में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में थायरोकेयर लैब मुंबई के सहयोग से जांच की जा रही है।
डॉ. राजेन्द्र ने बताया कि शिविर में थायराइड, विटामिन्स, हार्ट, किडनी, लिवर, शुगर, खून, कैल्शियम व यूरिक एसिड सहित कुल 28 से अधिक प्रकार की जांचें की जाएंगी।इलेक्ट्रोलाइट्स व संक्रमण संबंधी जांचें निशुल्क की जाएंगी। शिविर सुबह 7 से 11 बजे तक चलेगा।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# सत्यनारायण आचार्य बने कोटड़ी नगर कांग्रेस अध्यक्ष

## चारभुजानाथ मंदिर में दर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**( राजेंद्र बबलू पोखरना)** नगर के सत्यनारायण आचार्य को कोटड़ी नगर कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन के बाद आचार्य ने श्री चारभुजानाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और कांग्रेस की मजबूती की कामना की। इस अवसर पर जीएसएस अध्यक्ष नरपत सिंह शक्तावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला, साफा और दुपट्टा पहनाकर आचार्य का भव्य स्वागत किया। मंदिर प्रांगण जयकारों से गूंज उठा।
कार्यक्रम में गुर्जर समाज, बार एसोसिएशन, चारभुजा मंदिर ट्रस्ट सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।
प्रमुख रूप से नरपत सिंह शक्तावत, रामलाल गुर्जर, बजरंग आचार्य, दिनेश शर्मा, राधेश्याम मूंदड़ा, गजेंद्र पोखरना, ओम सोनी, पोपट सोनी, कमल सोनी, तेजमल सैनी, कैलाश आचार्य, चंद्र सिंह खोलपुरा, रघुराज सिंह हाड़ा, रामेश्वर अहीर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मांडलगढ़ पुलिस की कार्रवाई मादक पदार्थ तस्कर की एक करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

= थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत फ्रीज किया गया है।
थानाधिकारी मांडलगढ़ शंकर सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी भैरूलाल जाट निवासी केल्जर, हाल निवासी सांगानेर कॉलोनी, भीलवाड़ा द्वारा अवैध कमाई से अर्जित करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को फ्रीज किया गया है ।
पुलिस ने बताया की जांच में सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन से सांगानेर कॉलोनी में पत्नी रेखा के नाम एक मकान, आदर्श कॉलोनी में अपने नाम से एक मकान और गांव केल्जर में पिता के नाम से तीन भूखंड खरीदे थे। इन संपत्तियों का कुल मूल्यांकन करीब एक करोड़ रुपये किया गया है।
पुलिस ने सभी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज एनडीपीएस अधिनियम की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सक्षम प्राधिकृत अधिकारी कंपीटेंट अथॉरिटी को भेज दिए हैं।
आरोपी भैरूलाल जाट के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से एक में उसे न्यायालय द्वारा सजा भी सुनाई जा चुकी है।

# कोचरिया में वित्तीय समावेशन शिविर व महिला बैंक आउटलेट की शुरुआत

भीलवाड़ा फोकस @ सुवाणा



बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कोचरिया ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेशन संतृप्तता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही मांडल चौराहा पर महिला बैंक प्रतिनिधि आनंद कंवर राजपुरोहित द्वारा एक नवीन बैंकिंग केंद्र की शुरुआत की गई। शिविर में प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई और बीमा नामांकन किए गए। 2 लाख रुपये का बीमा दावा चेक लाभार्थी अजीत सिंह को सौंपा गया। इस अवसर पर कोचरिया को बीमा ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी आनंद कंवर, जो अब ग्रामीणों को बैंक से जुड़ी सभी सेवाएं जैसे खाता खोलना, जमा, निकासी, बीमा आदि उपलब्ध कराएंगी।कार्यक्रम में बैंक के सहायक महाप्रबंधक शैलेश शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक पांडेय, राजीविका वित्तीय समावेशन प्रभारी राजेंद्र बाबर, सरपंच रत्नी देवी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएनटी समाज का महा-बहिष्कार आंदोलन, सरकार को अंतिम चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**मूलचंद पेसवानी।**
राज्य सरकार की अनदेखी और सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक अधिकारों की उपेक्षा के खिलाफ शुक्रवार को भीलवाड़ा में डीएनटी समाज, राष्ट्रीय पशुपालक संघ एवं विमुक्त घुमंतू अर्ध-घुमंतू जाति परिषद के संयुक्त बैनर तले 'महा-बहिष्कार आंदोलन' किया गया।
आंदोलन के तहत आजाद चौक से कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें हजारों समाजजन काले झंडे लेकर शामिल हुए। नारों के साथ विरोध जताया गया और कलेक्ट्रेट परिसर में सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया गया।

### समाज की अनदेखी का आरोप

राष्ट्रीय पशुपालक संघ अध्यक्ष लालजी राईका ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षों से डीएनटी समाज की मांगें अनसुनी की जा रही हैं। उन्होंने कहा– ÷यह हमारा अंतिम ज्ञापन है, अब आंदोलन ही विकल्प है।÷
राईका के अनुसार, राजस्थान सरकार की सूची में केवल 32 डीएनटी जातियां शामिल हैं, जबकि असल संख्या 50 से अधिक है। समाज की अनुमानित जनसंख्या 1.23 करोड़ (कुल जनसंख्या का लगभग 15त्न) है, फिर भी उन्हें शिक्षा, रोजगार और राजनीति में कोई भागीदारी नहीं मिली है।



### हाईवे आंदोलन की चेतावनी

विमुक्त घुमंतू अर्ध-घुमंतू परिषद के प्रदेशाध्यक्ष रतननाथ कालबेलिया ने चेतावनी दी कि यदि 1 नवम्बर तक सरकार ने वार्ता कर समाधान नहीं किया तो समाज हाईवे पर उतरकर आंदोलन करेगा। साथ ही पंचायत और निकाय चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा।

### प्रदेशभर से जुटे समाजजन

सभा में विभिन्न जिलों से समाजजन, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने शीघ्र वार्ता नहीं की, तो यह आंदोलन आगामी तीन माह में पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

### प्रमुख मांगे -

1. डीएनटी समाज को 10त्न आरक्षण मिले
2. पंचायतों में 10त्न प्रतिनिधित्व तय हो
3. बस्तियों की जमीन पर मालिकाना पट्टे दिए जाएं
4. मॉडल स्कूलों की स्थापना हो
5. 1000 छात्रों को विदेश में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति दी जाए

# मनरेगा योजना में सामग्री मद का भुगतान अटका, ठेकेदारों में रोष

## पंचायत समिति मांडलगढ़ में फंड जारी होने के बावजूद भुगतान नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना के तहत सामग्री मद में कार्यरत ठेकेदारों का करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित है, जिससे मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र के ठेकेदारों में भारी असंतोष देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लंबित भुगतान के लिए राज्य सरकार ने पंचायत समिति मांडलगढ़ को करीब 10 दिन पूर्व राशि आवंटित कर दी थी। बावजूद इसके ठेकेदारों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

भुगतान में देरी से ठेकेदारों का आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। उनका कहना है कि पंचायत समिति तक पैसा पहुंच चुका है, लेकिन अंतिम भुगतान प्रक्रिया में बाधा बनी हुई है। इससे मनरेगा कार्यों से जुड़े स्थानीय ठेकेदारों को संकट का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित ठेकेदारों ने पंचायत समिति प्रशासन से लंबित राशि का शीघ्र वितरण कर राहत देने की मांग की है। उनका कहना है कि कार्य संपन्न होने के महीनों बाद भी भुगतान नहीं होना चिंता का विषय है।

### इनका कहना है

मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री मद का भुगतान करने हेतु लिमिट जारी हो चुकी है। किंतु नया पोर्टल लागू किया जा रहा है, जिसकी प्रक्रिया को पूर्ण होने में करीब दो माह का समय लग सकता है। प्रक्रिया पूरी होते ही ठेकेदारों को नियमानुसार भुगतान कर दिया जाएगा।

**संगीता व्यास , विकास अधिकारी , मांडलगढ़**

# छात्रा की आत्महत्या पर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



राष्ट्रीय छात्र परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष मिथलेश शर्मा के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने पेसिफिक मेडिकल कॉलेज की छात्रा स्वेता की आत्महत्या के मामले में कॉलेज प्रशासन पर मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में स्वेता के सुसाइड नोट का हवाला देते हुए कॉलेज के दो कर्मचारियों नैनी सिंह व भगवान सिंह पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिषद ने सभी कॉलेजों में स्टूडेंट हेल्प डेस्क की स्थापना, जांच समिति के गठन व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के दौरान एडवोकेट सुनील स्वर्णकार, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राजस्थान, बिहार और झारखंड प्रभारी सुरेंद्र सिंह सहित विशाल, दीपक, अशोक, हेमंत, शिवराज, कुलदीप, शिवम्, प्रमोद, आशुतोष सहित कई छात्र मौजूद रहे

# जयकारों के साथ घाटाराणी माताजी की 19वीं पैदल यात्रा फतेहपुर से पहुंची मंदिर

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**दिनेश टाक**



जन-जन की आस्था के प्रतीक मुख्य शक्तिपीठ घाटाराणी माताजी मंदिर में फतेहपुर गांव से निकली 19वीं विशाल पैदल यात्रा शुक्रवार को ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ मंदिर पहुंची। पैदल यात्रियों ने मंदिर पहुंचकर ध्वजारोहण किया और माताजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चिरंजीलाल टाक, नन्दलाल, राजेन्द्र, कुलदीप, अशोक, मुकेश सहित अनेक श्रद्धालु नाचते-गाते यात्रा में शामिल हुए।

# छत विहीन मोक्षधाम बना परेशानी का कारण, चिता जलाने में दिक्कतें , बिलिया गांव में भीगते हुए हुआ अंतिम संस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

सरकार भले ही डिजिटल इंडिया और स्मार्ट गांवों की बात कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। मांडलगढ़ उपखंड की रलायता पंचायत के बिलिया गांव में एक बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार बारिश में भीगते हुए करना पड़ा, क्योंकि गांव के मोक्षधाम में न तो छत है, न ही टिन शेड।

शुक्रवार को दिनभर बारिश होती रही और इसी दौरान महिला का अंतिम संस्कार करना पड़ा। भीगते शव और चिता को जलाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लकड़ियां गीली थीं और चबूतरा क्षतिग्रस्त। ऐसे में रबर टायर और ज्वलनशील पदार्थों की मदद से चिता सुलगाई गई। परिजन भावनात्मक और धार्मिक रूप से अपमानजनक स्थिति में रहे।

### न छत, न सुविधा - मोक्षधाम बना बोझ

ग्रामीणों का कहना है कि इस मोक्षधाम को वर्षों पहले लाखों रुपये की लागत से तैयार किया गया था, लेकिन आज तक यहां छाया या ढांचागत सुविधा नहीं दी गई। बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार करना सबसे कठिन हो जाता है। न सूखी लकड़ी मिलती है, न आग जलती है और न कोई छिपने की जगह होती है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बारिश में भीगते रहते हैं।

### प्रशासन को दी कई बार शिकायत, फिर भी अनसुनी

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार



पंचायत और प्रशासन से मोक्षधाम में शेड या पक्की छत बनाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बरसात में यही हाल होता है, और हर बार ग्रामीणों को अपमान और असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीमा बाई नारी शक्ति संगठन की ओर से शुक्रवार को भीलवाड़ा स्थित खटीक समाज छात्रावास में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में डॉ. लाल पैथ लैब के माध्यम से कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, शुगर, कैल्शियम, यूरिक एसिड, थायराइड समेत कई अन्य जांचें की गईं।



इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष अनिता पहाड़िया सहित इन्द्रा खोईवाल, कंचन खोईवाल, आशा डिडवानिया, सुनीता पटेल, भगवती खोईवाल, पिंकी खोईवाल, रामकन्या खोईवाल, भगवानी खोईवाल, पुष्पा खोईवाल, गोपी डिडवानिया एवं समाज के कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### टीबी उन्मूलन में प्रशासन आगे, कलेक्टर ने रोगी को वितरित कियापोषण किट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर एक टीबी रोगी को पोषण किट प्रदान की। उन्होंने सभी राजकीय कार्मिकों से भी टीबी रोगियों को गोद लेकर निःशुल्क पोषण किट वितरित करने का आग्रह किया।

कलेक्टर ने रोगी को समय पर दवा लेने और पोषित आहार की सलाह दी तथा जिले को टीबी मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि जिले में अब तक 1952 निक्षय मित्र पंजीकृत हो चुके हैं और 3140 पोषण किट वितरित की जा चुकी हैं।

### विश्व सेवा परिषद राजस्थान समिति गठित, दिनेश शर्मा बने प्रदेशाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश मोटिस )**



राष्ट्रव्यापी सामाजिक संस्था विश्व सेवा परिषद ने राजस्थान राज्य समिति का गठन करते हुए दिनेश कुमार शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रांची (झारखंड) स्थित बैठक में यह फैसला लिया गया। नई कार्यकारिणी में आदित्य शर्मा महासचिव, प्रेम सिंह चौहान उपाध्यक्ष, भोजराज सिंह चौहान सचिव, अल्का शर्मा कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र गर्ग संगठन सचिव, और डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह शेखावत अंकेक्षक बनाए गए हैं। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि परिषद शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। समिति का कार्यकाल तीन वर्ष रहेगा।

### लगातार बारिश से खजूरी में केलूपोश मकान ढहा, जनहानि नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**



**दिनेश टाक**

क्षेत्र में जारी भारी बारिश के चलते शुक्रवार अलसुबह खजूरी कस्बे में एक केलूपोश मकान ढह गया।

मकान गोपाल टाक का बताया जा रहा है। हादसे के वक्त गोपाल टाक और उनकी मां घर में मौजूद नहीं थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि हादसे में घरेलू सामान मलबे में दब गया। स्थानीय लोगों की मदद से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।